web: www.nyaysakshi.com ‖ पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल ‖ पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, शुक्रवार 10 जनवरी 2020 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-02, अंक- 103

# धारा 370 के हटाए जाने के बाद घाटी का जायजा लेने पहुंचे 17 देशों के राजनयिक

**श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू और कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद आज 17 देशों के विदेशी राजनयिकों का एक दल कश्मीर पहुंच चुका है। यह विदेशी राजनयिकों का यह पहला आधिकारिक कश्मीर दौरा है।**



सरकार की ओर से भेजे जा रहे इस दल में अमेरिका, वियतनाम, दक्षिण कोरिया, ब्राजील, उज्बेकिस्तान, नाइजर, नाइजीरिया, मोरक्को, गुयाना, अर्जेंटीना, फिलीपींस, नॉर्वे, मालदीव, फिजी, टोगो, पेरू के साथ ही पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश के राजनयिक शामिल हैं। विदेशी राजनयिकों का यह दल दो दिन तक कश्मीर में ही रहेगा।

कश्मीर का दौरा करने वाले दल में ज्यादातर राजनयिक लैटिन अमेरिकी और अफ्रीकी देशों से ताल्लुक रखते हैं। इन देशों के राजनयिकों ने कश्मीर के हालात का जायदा लेने के लिए जमीनी दौरा करने की इजाजत केंद्र सरकार से मांगी थी। इसके बाद सरकार ने इनके दौरे का इंतजाम किया है। बीते साल 5 अगस्त को जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने और राज्य के पुनर्गठन के बाद यह पहला राजनयिक दौरा है।

## एनसीआर में बारिश के बाद फिर बढ़ी ठंड

**» तापमान में आ सकती है गिरावट**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली-एनसीआर में हल्की बारिश का सिलसिला लगातार जारी रहा, जिसके कारण एक बार फिर तापमान में गिरावट के आसार नजर आने लगे हैं. क्षेत्र में बारिश होने के साथ ही शीतलहर शुरू हो गई है. बताया जा रहा है कि रात का तापमान 3 से 4 डिग्री तक गिर सकता है।



मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार 10 जनवरी को दोपहर बाद से मौसम के खुलने की संभावना जताई जा रही है. गुरुवार को बारिश होने के आसार कम हैं. लेकिन बारिश के कारण कोहरा और बढ़ सकता है।

दिल्ली ही नहीं पूरे एनसीआर में रुक-रुक कर हो रही बारिश ने ठंड को बढ़ा दिया है. दिल्ली के अलावा गाजियाबाद के साहिबाबाद और सोनीपत में भी बारिश हुई है. भीषण ठंड के कारण छुट्टियों के बाद सोमवार से ही स्कूल खुलने शुरू हुए थे, लेकिन एक बार फिर यदि ठंड बढ़ती है तो स्कूलों में छुट्टियों पर विचार संबंधित जिला प्रशासन कर सकता है।

हवा में नमी के कारण एयर च ालिटी मंगलवार की तुलना में बुधवार को और खराब रही। बता दें कि दिल्ली में शनिवार और रविवार के दिन मौसम खुला हुआ था, जिसके कारण लोगों को ठंड से राहत मिली थी. लेकिन सोमवार से ही मौसम में फिर बदलाव हुआ और हल्की बारिश शुरू हो गई।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### सड़क हादसे में कार सवार 8 लोगों की मौत

**चूरू (आरएनएस)।** राजस्थान शेखावाटी इलाके में कड़ाके की सर्दी और भारी कोहरे के बीच गुरुवार सुबह चूरू जिले में एक भीषण सड़क हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई. यह हादसा नेशनल हाईवे 11 पर सुबह करीब 9 बजे हुआ. बीकानेर से रतनगढ़ की ओर आ रही एक वैन सामने से आ रही एक यात्री बस से टकरा गई. हादसा इतना भीषण था कि वैन सवार 8 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं करीब आधा दर्जन लोगों के घायल हो गए. मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस हादसे को लेकर दुख जताया है। जानकारी के अनुसार इस हादसे का शिकार अधिकांश लोग एक ही परिवार के हैं. 19 जनवरी को बीकानेर में शादी होनी है और इसी शादी का कार्ड रतनगढ़ देने सुबह रवाना हुए थे. इस बीच राजलदेसर-परसनेऊ के बीच नेशनल हाईवे 11 पर हादसा हो गया।

### अमेरिका ने ईरान के साथ प्रतिरोधी क्षमता का एक स्तर बहाल किया: पेंटागन प्रमुख

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्री मार्क एस्पर ने बुधवार को कहा कि तीन जनवरी को ड्रोन हमले में ईरान के शीर्ष जनरल कासिम सुलेमानी की बगदाद में मौत के बाद अमेरिका ने ईरान के प्रति कुछ कुछ प्रतिरोधी क्षमता बहाल कर ली है। उन्होंने कताएब हिज्बुल्ला (केएच-ईरान समर्थित इराकी समूह) का हवाला देते हुए संवाददाताओं से कहा, ''मैं मानता हूं कि इस बिंदु पर जब हमने दिसंबर के अंत में केएच और उसके बाद सुलेमानी के खिलाफ हमले किए इसके बाद मुझे लगता है कि हमने एक स्तर तक प्रतिरोधी क्षमता स्थापित की है।'' एस्पर ने कहा, '' लेकिन हम देखेंगे, समय बताएगा।'' एस्पर की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब बुधवार को ईरान ने इराक में दो अड्डे को निशाना बनाया गया, जहां अमेरिकी सैनिक रहते हैं।

### चीन में रहस्यमयी ढंग से फैल रहे निमोनिया का जिम्मेदार एक नया वायरस

**बीजिंग।** चीन में रहस्यमय ढंग से फैले निमोनिया की वजह एक नए वायरस को मान रहा है, जिस कारण अबतक 59 लोगों की मौत हो चुकी है । सरकारी मीडिया ने गुरूवार को इसकी जानकारी दी । संक्रमण की पुष्टि वुहान में 31 दिसंबर को हुई थी। इसके बाद बेहद संक्रामक फ्लू एसएआरएस के फिर से फैलने का डर पैदा हो गया है। हालांकि सरकारी प्रसारणकर्ता सीसीटीवी ने बृहस्पतिवार को प्रयोगशाला के परिणामों के आधार पर कहा कि विशेषज्ञों का शुरुआती तौर पर यह मानना है कि इस बीमारी के पीछे एक नया वायरस है। चीन ने रविवार को एक बयान जारी करके एसएआरएस की आशंका से इनकार कर दिया था। गौरतलब है कि एक दशक से भी पहले इस वायसर की चपेट में आकर सैकड़ों लोगों की मौत हो गई थी।

### ट्रैफिक जुर्माने पर सीएम ने सीएस व डीजीपी को दिया निर्देश

**» सिस्टम करें ठीक, फिर काटें चालान**

**रांची (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को आदेश दिया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि जब तक जुर्माना जमा करने की पूरी व्यवस्था ऑनलाइन नहीं हो जाती है, तब तक किसी वाहन चालक का चालान नहीं कटे. मुख्यमंत्री छोटे-छोटे मामलों को भी गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दे रहे हैं।

### गो एयरवेज का रांची की जगह कोलकाता में हुआ लैण्ड

**रांची (आरएनएस)।** खराब मौसम के कारण दिल्ली से रांची आने वाले गो एयरवेज का विमान रांची के जगह कोलकाता में हुआ लैंड, 1 घंटे तक रांची एयरपोर्ट में लैंड करवाने का किया गया प्रयास, खराब मौसम का असर राँची एयरपोर्ट में देखने को मिला।

## अमेरिकी नागरिकों की हत्या के इरादे से ईरान ने किया मिसाइल हमला : जनरल मिली

**वाशिंगटन। अमेरिकी 'ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ' के अध्यक्ष जनरल मार्क मिली ने कहा कि उनका मानना है कि इराक में दो सैन्य अड्डों पर ईरान का मिसाइल हमला अमेरिकी नागरिकों की हत्या के इरादे से किया गया। मिली एवं अमेरिकी रक्षा मंत्री मार्क एस्पर ने पत्रकारों से कहा कि पश्चिम इराक में अल-असद वायुसेना अड्डे पर 11 बैलिस्टिक मिसाइल दागे गए जिससे थोड़ी बहुत क्षति हुई।**



हमले से तंबू और एक हेलीकॉप्टर नष्ट हो गए लेकिन कोई अमेरिकी नागरिक हताहत नहीं हुआ। मिली ने कहा, ''जो भी मैंने देखा और जो मैं जानता हूं उसके आधार पर मेरा मानना है कि वे बुनियादी ढांचा, वाहनों, उपकरणों, विमान और अमेरिकी नागरिकों को नुकसान पहुंचाना चाहते थे।'' मिली ने कहा कि अमेरिका की प्रभावी पूर्व चेतावनी प्रणाली और रक्षात्मक कदमों के कारण घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

## दफनाने से पहले जिंदा हो गई महिला

**» डॉक्टर ने जारी कर दिया था डेथ सर्टिफिकेट**

**कराची।** पाकिस्तान में एक मृत महिला के फिर से जीवित हो जाने का अनोखा मामला सामने आया है। यहां एक 50 साल की महिला जिसे अस्पताल ने मृत घोषित कर दिया था, अपने अंतिम संस्कार से ठीक पहले जिंदा हो गई। अब इसे डॉक्टर की लापरवाही कह सकते हैं जिन्होंने उन्हें मृत घोषित कर दिया या फिर चमत्कार जिससे वह फिर से जिंदा हो गई, लेकिन महिला को अपने बीच फिर से पाकर घर वालों की खुशी का ठिकाना नहीं है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, राशीदा बीबी को कराची के अब्बासी शहीद अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उन्हें मृत घोषित करके डेथ सर्टिफिकेट भी जारी कर दिया था।


## दाऊद इब्राहिम का करीबी एजाज लकड़वाला पटना से अरेस्ट

**पटना (आरएनएस)।** महाराष्ट्र में मुंबई का मोस्टवांटेड और कुख्यात दाऊद इब्राहिम का सहयोगी गैंगस्टर एजाज लकड़वाला को बिहार में राजधानी पटना के जक्कनपुर थाना क्षेत्र के मीठापुर फ्लाइओवर के निकट से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस सूत्रों ने आज यहां बताया कि सटीक इनपुट के बाद पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में मुंबई से आयी अपराध शाखा की टीम ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से एजाज लकड़वाला को कल देर शाम गिरफ्तार कर लिया है। वह पटना के रास्ते नेपाल भागने की कोशिश कर रहा था। पुलिस के अनुसार लकड़वाला दाऊद इब्राहिम का सहयोगी रहा था और वह इलाज के दौरान वर्ष 2003 में अस्पताल से फरार हो गया था।

सूत्रों ने बताया कि इस मोस्ट वांटेड गैंग्स्टर के खिलाफ 25 से

**» मुंबई पुलिस को बड़ी सफलता**



अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं और पुलिस को उसकी लंबे समय से तलाश थी। पुलिस ने बताया कि बाद में लकड़वाला ने दाऊद को छोड़कर छोटा राजन से नजदीकियां बनायी थी जिसके कारण दाऊद उससे नाराज था। अपराध शाखा की टीम आरोपी को यहां पेशी के बाद अपने साथ मुंबई ले जाएगी।

### एजाज की बेटी सोनिया भी फर्जी पासपोर्ट मामले में गिरफ्तार

इससे एक दिन पहले मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एजाज लकड़ावाला की बेटी को फर्जी पासपोर्ट पर विदेश भागने के प्रयास के लिए गिरफ्तार किया गया था। एक अधिकारी ने बताया था कि सोनिया लकड़वाला उर्फ सोनिया शेख शुक्रवार देर रात नेपाल जाने वाली एक उड़ान में सवार होने वाली थी, तभी पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया और उसके दस्तावेजों की जांच करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया।

## बगदाद में अमेरिकी दूतावास के पास फिर रॉकेट हमला

**» ट्रंप को युद्ध से रोकने के लिए अमेरिकी संसद में आज वोटिंग**

**बगदाद।** इराक और अमेरिका के तनाव के बीच बगदाद के भारी किलेबंदी वाले ग्रीन जोन में एक बार फिर रॉकेट हमला हुआ है। इराकी सेना ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि बगदाद के ग्रीन जोन के अंदर दो कत्युशा रॉकेट दागे गए हैं। इराकी सेना ने कहा कि हमले में किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। सूत्रों के मुताबिक, अमेरिकी दूतावास से करीब 100 मीटर की दूरी पर एक रॉकेट गिरा है। अभी किसी ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

इधर, दूसरी ओर अमेरिकी संसद में आज राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को ईरान के साथ युद्ध करने से रोकने के लिए वोटिंग होगी। यह बात स्पीकर नैन्सी पेलोसी ने कही। उन्होंने कहा कि ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई करने के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शक्तियों में कटौती को लेकर सदन में गुरुवार को मतदान होगा।

वहीं इराक में अमेरिकी ठिकानों पर ईरान की जवाबी कार्रवाई के बाद भारत ने इन हमलों पर सीधी प्रतिक्रिया देने से बचते हुए अपने नागरिकों को सुरक्षा को ध्यान में रखने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी परामर्श में इराक में रहने वाले भारतीय नागरिकों को सतर्क रहने और वहां की यात्रा करने से बचने का सुझाव दिया गया है।

भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा, बगदाद में हमारा उच्चायोग और इरबिल में वाणिज्य दूतावास सामान्य रूप से काम करना जारी रखेंगे और इराक में रहने वाले भारतीय नागरिकों को सभी सेवाएं प्रदान करेंगे।मंत्रालय के अलावा नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने भारतीय एयरलाइन कंपनियों से कहा कि वे ईरान, इराक, ओमान की खाड़ी और फारस की खाड़ी में हवाई क्षेत्र में पूरी सतर्कता बरतें।

डीजीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि, हमने संबद्ध एयरलाइनों के साथ बैठक की और उन्हें सतर्क रहने तथा हर संभव एहतियात बरतने को कहा गया है। वहीं अमेरिका-ईरान में तनाव से वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमत तीन महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई है।

## यशवंत सिन्हा की गांधी यात्रा शुरु

**» शरद पवार, पृथ्वीराज चव्हान सहित कई नेता पहुंचे**

**मुंबई (आरएनएस)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा और कांग्रेस नेता शत्रुघ्न सिन्हा नागरिकता संशोधन कानून और राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर के खिलाफ गांधी शांति यात्रा आज प्रारंभ कर दी है। मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया पर इस यात्रा में एनसीपी चीफ शरद पवार, नवाब मलिक, प्रकाश आंबेडकर और पृथ्वीराज चव्हाण भी मौजूद हैं। मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया से यात्रा प्रारंभ होकर कई राज्यों से होते हुए दिल्ली में खत्म होने का कार्यक्रम है। गांधी शांति यात्रा के दौरान सरकार से मांग की जाएगी कि वह संसद में घोषणा करे कि राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर नहीं कराई जाएगी(यात्रा महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा से होकर 30 जनवरी को दिल्ली के राजघाट पर खत्म होगी।

## सऊदी अरब ने फरार चल रहे आतंकवादी को गिरफ्तार करने की घोषणा की

**रियाद।** सऊदी अरब ने फरार चल रहे एक आतंकवादी के पूर्वी प्रांत में गिरफ्तार होने की घोषणा की है। सऊदी प्रैस एजेंसी (एसपीए) ने यह जानकारी दी। एसपीए ने बुधवार को बताया कि पूर्वी सऊदी अरब में नागरिकों, पुलिस अधिकारियों के साथ-साथ सुरक्षा तथा वित्तीय इमारतों पर हमला करने वाले नौ वांछित आतंकवादियों में से एक भगोड़े आतंकवादी मोहम्मद बिन हुसैन अल अमार को मंगलवार सुबह गिरफ्तार किया गया।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, राज्य सुरक्षा की प्रेसिडेंसी ने कहा कि भगोड़ा आतंकवादी



कातिफ क्षेत्र में छिपा हुआ था और गिरफ्तार होने से पहले उसने सुरक्षा कर्मियों पर गोलीबारी की।

प्रेसिडेंसी ने कहा कि उसके कब्जे से एक देशी बम और हथियार बरामद हुए।

अल्पसंख्यक शिया समुदाय की बहुलता वाले क्षेत्रों में से एक कातिफ में शिया युवाओं की पुलिस कर्मियों तथा स्थानीय निवासियों से हिंसा होती रहती है।

## सीसीटीवी फुटेज में दिखे दो और आरोपी पुलिस ने किए गिरफ्तार

**» सीलमपुर हिंसा मामला**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर इलाके में पिछले महीने संशोधित नागरिकता कानून विरोधी प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा में कथित तौर पर शामिल दो और लोगों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान सीलमपुर निवासी शहजाद (23) और गौतमपुरी निवासी नूर मोहम्मद (19) के रूप में हुई है. उन्होंने कहा कि दोनों आरोपी हिंसा की सीसीटीवी फुटेज में पुलिसकर्मियों पर पथराव करते दिख रहे हैं.



पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शहजाद सीलमुपर इलाके का कुख्यात हिस्ट्री-शीटर है और पहले भी कई आपराधिक मामलों में शामिल रहा है. अधिकारी ने कहा कि बुधवार को गिरफ्तार किए गए मोहम्मद का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है. उसके मोबाइल फोन में हिंसा के वीडियो और फोटो मिले हैं। इससे पहले 17 दिसंबर को सीलमपुर में संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफ हुए हिंसक प्रदर्शनों के संबंध में कम से कम 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया था. प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ झड़प और पुलिसकर्मियों पर पथराव में 20 से अधिक लोग घायल हो गए थे और कई बसें क्षतिग्रस्त कर दी गईं थीं. पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया था और आंसू गैस के गोले छोड़े थे।

## कांगो में चेचक का कहर 2019 से अब तक 6000 लोगों की मौत

**कांगो।** डेमोक्रैटिक रिपब्लिक कांगो में 6000 लोगों की मौत अब तक चेचक की वजह से हो चुकी है। मेल ऑनलाइन में प्रकाशित खबर के अनुसार, 2019 में चेचक महामारी फैलने के कारण हुई मौत में अब तक मौत का आंकड़ा इबोला वायरस से होनेवाली मौत से लगभग तीन गुना अधिक है। अभी तक देश के एक चौथाई से अधिक लोगों में चेचक का संक्रमण पाया गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे दुनिया के सबसे बुरे प्रकोप में से एक बताया है।



चेचक की महामारी के लगातार फैलने के बाद भी अभी तक अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं का इस पर खास ध्यान नहीं दिया गया। इबोला वायरस फैलने की खबरों ने जितनी सुर्खी बटोरी थी उतनी सुर्खियां चेचक महामारी के कारण होनेवाली बीमारी की नहीं हो रही है। 2018 में इबोला वायरस संक्रमण फैलने की पहली रिपोर्ट के बाद 2,231 लोगों के मौत का रेकॉर्ड दर्ज किया गया था। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि फंडिंग के अभाव में और पर्याप्त स्वास्थ्य उपकरण नहीं होने के कारण संक्रमण बुरी तरह से फैल रहा है। कांगों में स्वास्थ्य सुविधाओं का पहले ही अभाव है और ऐसे में बिना अंतरराष्ट्रीय सहयोग के चेचक की इस महामारी से निपटना काफी मुश्किल साबित हो रहा है। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि संगठन की ओर से कांगो को 26.2 अमेरिकी डॉलर की सहायता मुहैया कराई गई है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि करीब 30 मिलियन यूरो (39.3 मिलियन डॉलर) रकम चेचक संक्रमण को रोकने के लिए खर्च किए जाएंगे। छह साल से 14 साल की उम्र के बच्चों के बीच संक्रमण न फैले इसके लिए कम से कम 6 महीने के ऐक्शन प्लान की जरूरत है।